आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 12.08.2025 समय : 18.30 पीएम

- राज्य में जनगणना को लेकर तैयारियां शुरू–प्रशासनिक इकाईयों में इस साल 31 दिसम्बर तक बदलाव हो सकेगा।
- सोलहवीं विधानसभा का चौथा सत्र 1 सितम्बर से शुरू होगा।
- केन्द्र सरकार ने 4 हज़ार 594 करोड़ रुपये की चार नई सेमीकंडक्टर परियोजनाओं को मंजूरी दी।
- प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में 8 सितम्बर को मेगा पीटीएम होगी।

000

प्रदेश में जनगणना को लेकर तैयारियां शुरू हो गयी हैं। जनगणना निदेशक विष्णु चरण मलिक ने आज जयपुर में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि 1881 के बाद से हर 10 साल पर जनगणना हो रही है। कोविड के कारण 2021 में जनगणना नहीं हो पायी थी। 2027 की जनगणना के लिए 16 जून को अधिसूचना जारी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि जनगणना दो चरणों में होगी। पहला चरण अप्रैल से सितंबर 2026 में किया जाएगा। इस दौरान मकान को सूचीबद्ध कर संपत्ति का विवरण जाना जाएगा। दूसरा चरण फरवरी 2027 में होगा। श्री मलिक ने बताया कि प्रशासनिक इकाइयों में बदलाव इस साल 31 दिसम्बर तक हो सकेगा। उसके बाद इनके फेरबदल पर 31 मार्च 2027 तक रोक रहेगी।

000

सोलहवीं विधानसभा का चौथा सत्र एक सितम्बर से शुरू होगा। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सत्र से संबंधित विभिन्न तैयारियों की समीक्षा की। सत्र के दौरान राज्य के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों, विधायी कार्यों और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। सत्र से पहले विधानसभा अध्यक्ष सर्वदलीय बैठक भी बुलाएंगे। श्री देवनानी ने ही नवाचार करते हुए सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाये जाने की पहल की है।

000

प्रदेश में पहली बार आर्मी–डे परेड का आयोजन होगा। 15 जनवरी को सेना दिवस के मौके पर राजधानी जयपुर में ये आयोजन किया जाएगा। भारतीय सेना की ओर से पहली बार सैनिक क्षेत्र से बाहर आम लोगों के सामने ये कार्यक्रम होगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज इसकी तैयारियों को लेकर बैठक की। मुख्यमंत्री निवास पर हुई इस बैठक में सेना और सरकार के उच्च अधिकारी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आर्मी डे परेड में स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों, पर्यटकों सहित ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। सेना की दक्षिण–पश्चिम कमान के प्रमुख, लेफ्टिनेंट जनरल मनजिन्दर सिंह ने बैठक में बताया कि आर्मी डे परेड को लोगों तक पहुंचाने और युवाओं को प्रेरित करने के लिए इसका आयोजन जयपुर में किया जाएगा। इस दौरान रक्तदान शिविर, ऑनर रन, साइकिल रैली, नो यॉर आर्मी सहित विभिन्न आयोजन होंगे।

000

केन्द्र सरकार ने 4 हजार 594 करोड़ रुपये लागत वाली चार नई सेमीकंडक्टर परियोजनाओं को मंजूरी दी है। आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में ये निर्णय लिया गया। केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि सरकार सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के लिए मजबूत तंत्र तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में विनिर्माण में छह गुना तेजी आई है और निर्यात आठ गुना बढा है। श्री वैष्णव ने बताया कि पिछले 11 वर्षों में मोबाइल उत्पादन इकाईयां दो से बढकर तीन सौ से अधिक हो गई हैं। उन्होंने कहा कि मोबाइल फोन का निर्यात एक सौ 27 गुना बढकर दो लाख करोड रुपये तक पहुंच गया है। केन्द्रीय मंत्री ने सेमीकॉन इंडिया–2025 अगले महीने की दो तारीख से नई दिल्ली में आयोजित किये जाने की घोषणा की। इसमें मलेशिया, जापान, सिंगापुर और दक्षिण कोरिया साझेदार के रूप में भाग लेगें।

000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने आज शाहपुरा में अमर शहीद हेमू कालाणी की प्रतिमा और स्मारक का लोकार्पण किया। श्री देवनानी ने भीलवाड़ा के सरकारी कॉलेज में बनी कम्प्यूटर लैब और स्मार्ट क्लास रूम का भी लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने नई पीढ़ी से हमेशा स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने का आह्वान किया।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने युवाओं से आग्रह किया है कि वे विद्या को अपने तक ही सीमित नहीं रखें, इसे दूसरों को भी देने का प्रयास करें। श्री बागड़े ने शिक्षा को बौद्धिक क्षमता विकसित करने का मार्ग बताया। राज्यपाल ने आज बांसवाड़ा के गोविंद गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। समारोह में 22 शोधार्थियों को पीएचडी और 34 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किये। राज्यपाल ने कौटिल्य शोध भवन और स्वामी विवेकानंद छात्र कल्याण भवन का लोकार्पण भी किया।

000

प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में आठ सितम्बर को मेगा पीटीएम रखी जाएगी। आज जयपुर में शिक्षा संकुल में हुई बैठक में शिक्षा शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने इसकी तैयारियां करने के निर्देश दिये। इस दौरान मुख्यमंत्री शिक्षित अभियान के तहत तीसरी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए चल रहे ओरल रीडिंग फ्लुएंसी कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई। श्री कुणाल ने बताया कि पांच सितम्बर को रीडिंग रेमेडियेशन का शुभारंभ किया जाएगा। इसका उद्देश्य कमजोर विद्यार्थियों को अतिरिक्त अभ्यास और मार्ग दर्शन के जरिए उनकी पढ़ने की क्षमता में सुधार करना है।

000

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष में आज जयपुर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बिड़ला सभागार में हुए इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विभाजन को इतिहास की बड़ी त्रासदी बताया। उन्होंने कहा कि इसके बाद पुरूषार्थी वर्ग ने तमाम चुनौतियों का साहस से सामना किया।

000

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, कई मंत्री तथा भाजपा नेता अशोक परनामी भी शामिल हुए। विभाजन का दंश झेल चुके परिवारों के सदस्य भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

000

हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज नई दिल्ली में तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, किरेन रिजिजू ने अन्य सांसदों के साथ इस बाइक रैली का नेतृत्व किया। इस अवसर पर श्री शेखावत ने बताया कि तिरंगा देश को एक सूत्र में पिरोता है और हमें देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वालों की याद दिलाता है। इस रैली में राजस्थान से सांसद लुंबाराम, सीपी जोशी, दामोदर अग्रवाल और मन्नालाल रावत ने भाग लिया। राष्ट्र ध्वज के प्रति सम्मान और गर्व की अभिव्यक्ति के लिए चलाया जा रहा हर घर तिरंगा अभियान प्रदेशभर में जोर–शोर से जारी है। जोधपुर में बीएसएफ और केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से आज मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। वहीं जैसलमेर में सीमा सुरक्षा बल की ओर से तिरंगा रैली निकालकर देशभक्ति की अलख जगाई गई। बीएसएफ के डीआईजी योगेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि रैली के माध्यम से जवानों ने एकजुटता का संदेश दिया।

000

हर घर तिरंगा अभियान को स्वच्छता से भी जोड़ा गया है। इसके तहत आज बाड़मेर में तालाबों और सरोवरों की साफ–सफाई की गई। हनुमानगढ़, चित्तौड़गढ़, भरतपुर, सलूम्बर सहित विभिन्न स्थानों पर तिरंगा यात्राओं से देशभक्ति और स्वच्छता का संदेश दिया गया। अलवर जिला कलेक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला ने भी नागरिकों से अपने शहर, गांव और वॉर्ड को साफ–सुथरा रखने की अपील की है।

000

जोधपुर में होने वाले राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए जोर–शोर से तैयारियां की जा रही हैं। समारोह का आयोजन बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में होगा, जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा किये जाने वाले सामूहिक व्यायाम के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में कई तरह के नवाचार देखने को मिलेंगे। 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत किये गये ड्रोन प्रदर्शन को प्रस्तुति के माध्यम से दोहराया जाएगा। देश में पहली बार इस तरह की पहल हो रही है। वहीं समारोह के समय वायु सैनिकों द्वारा पुष्प वर्षा की जाएगी। इस मौके पर सेना की ओर से हथियारों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी और बीएसएफ का कैमल टेटू शो विशेष आकर्षण रहेगा।

000

आज विश्व हाथी दिवस है। ये दिन हाथियों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए समर्पित है। इस वर्ष की थीम ''हाथियों की मदद के लिए दुनिया को एक साथ लाना'' रखी गई है। एक रिपोर्ट –

000